प्रादेशिक समाचार
15.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों के प्रति नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आश्वस्त किया कि सभी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा बरकरार रखी जाएगी। श्री शाह ने आज देश की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। गृहमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नई डिजिटल टोकन आधारित वितरण प्रणाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार को समाप्त करेगी और वितरण प्रक्रिया में आवश्यक पारदर्शिता लाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली लाभार्थियों को डिजिटल वॉलेट टोकन प्रदान करेगी जिसमें वस्तु का नाम, मात्रा और मूल्य का विवरण होगा।

****

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इंटेल इंडिया के सहयोग से नैतिक और जिम्मेदार एआई उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कल से राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान शुरू करेगा। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस पहल में परिदृश्य–आधारित प्रश्न शामिल किये जाएंगे। ये प्रश्न प्रतिभागियों को औपचारिक संकल्प लेने से पहले जिम्मेदार एआई प्रथाओं पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। प्रतियोगिता पूरा होने पर, प्रतिभागियों को इंडिया एआई और इंटेल इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया एक डिजिटल मानद बैज प्राप्त होगा।

****

पूर्व मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता दुलाल भुइयां ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। श्री भुइयां आज रांची में प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

****

जेपीएससी ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 20 फरवरी की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं, परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 21 फरवरी की शाम पांच बजे तक तय की गयी है। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 103 रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी।

****

धनबाद रेलवे स्टेशन पर ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्सप्रेस के सामान्य डब्बे से 16 जीवित कछुओं को बरामद किया गया है। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि बरामद कछुए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति में आते हैं। कछुओं को सुरक्षित रूप से वन विभाग को सौंपा जा रहा है।

****

आज महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी रांची समेत राज्य भर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपने और परिवार की सुख–समृद्धि, स्वास्थ्य एवं शांति की कामना कर रहे हैं। पहाड़ी मंदिर में सुबह सरकारी पूजा संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए हैं। वहीं, हमारे देवघर संवाददाता ने बताया है कि देवघर में महाशिवरात्रि पर आज भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखा है।।

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महाशिवरात्रि पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

****

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप के ग्रुप ए में आज कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीतकर चार–चार अंक हासिल किये हैं, जिससे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज का मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

********समाप्त********